सार-समाचार

हार्टफुलनेस की अवधारणा को समझाया

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर में बेसिक साइंस के तत्वाधान में जीआईटीएस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेलनेस एंड हार्टफुलनेस का उद्घाटन हुआ। इस केंद्र का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों, और व्यापक समुदाय के लिए मानसिक स्वास्थ्य, आत्मिक शांति, और समग्र विकास को बढावा देना है। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने स्वागत भाषण में जीआईटीएस की उपलब्धियों और वेलनेस सेंटर की स्थापना के पीछे के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केंद्र मानसिक शांति, ध्यान और योग के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को सशक्त बनाएगा।यह केंद्र जीआईटीएस के छात्रों और शिक्षकों को न केवल मानसिक शांति प्रदान करेगा, बल्कि उनकी उत्पादकता, ध्यान क्षमता, और मानसिक स्थिरता को भी बढावा देगा। सेंटर में नियमित रूप से ध्यान सत्र, योग कक्षाएं, और हार्टफुलनेस प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से व्यक्ति के आत्मिक, मानसिक, और शारीरिक स्वास्थ्य में संतुलन लाने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम मं उदयपुर हार्टफुलनेस सेंटर, के समन्वयक और ध्यान विशेषज्ञ डॉ. राकेश दशोरा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। दशोरा ने ध्यान, योग, और आत्मिक शांति के माध्यम से तनाव प्रबंधन और आंतरिक स्थिरता को आधुनिक जीवनशैली में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।संयोजक बेसिक साइंस विभागाध्यक्ष डॉ विशाल जैन केअनुसार हार्टफुलनेस सेंटर उदयपुर के समन्वयक और योग, ध्यान, तथा रिफ्लेक्सोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. राकेश दशोरा ने हार्टफुलनेस की अवधारणा को समझाया। इसके बाद, हार्टफुलनेस ट्रैनर रामकृष्ण मलला ने स्पिरिचुअल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख प्रशिक्षक और पूर्व डीन, फिशरीज कॉलेज, एमपीयूएटी उदयपुर, डॉ. सुभोध शर्मा, जोनल कोऑर्डिनेटर मधु मेहता, और ब्राइटर माइंड्स प्रोग्राम की डायरेक्टर श्वेता रामकृष्ण भी उपस्थित थीं। वित्त नियंत्रक बी एल जागीड ने कहा कि सेंटर में नियमित रूप से ध्यान सत्र, योग कक्षाएं, और हार्टफुलनेस प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। संचालन डॉ नीलिमा बजाज ने किया।

अज्ञात महिला व व्यक्ति की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र में मिले अज्ञात महिला व व्यक्ति की मौत की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार माहराणा भुपाल चिकित्सालय में उपचार के दौरान दो व्यक्ति की मौत हो गई। 23 नवंबर को सूरजपोल चौराहे पर बीमार हालत में मिली अज्ञात महिला को 108 की मदद से उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर मृतका को मोर्चरी में रखवाया है। मृतका की उम्र करीब 50 वर्ष रंग सावला जिसके दाहीने हाथ पर राधा एवं बाये हाथ पर बंशीलाल लिखा हुआ है। इसी तरह गत दिनों टेकरी चौराहा पर बीमार हालत में मिले अज्ञात व्यक्ति को 108 की मदद से उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम महेन्द्र पुत्र हुक्मीचंद बताया जाता है। जिसका शव मोर्चरी में रखा है। परिजनों की तलाश की जा रही है।

शादी समारोह से बैग चोरी

उदयपुर, (कासं)। शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोर नकदी व जेवरात से भरा बैग चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हस्तीमल बोहरा पुत्र कन्हैयालाल बोहरा निवासी वर्धमान नगर उत्तरी सुन्दरवास ने प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 2 दिसंबर को मेरी पुत्री क विवाह समारोह का आशिर्वाद समारोह सुन्दरवास स्थित विलास वाटिका में आयोजित हो रहा था। इस दौरान बैग वहां पडा था। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। बैग में सोने चांदी के जेवरात, नकदी थी। चोरी गए जेवरात व नकदी से संबंधित जानकारी बाद में देने की रिपोर्ट दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्ररकण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी दिलिप पुत्र गौतम लाल मीणा निवासी भाउवा फला कमजी ऋषभदेव के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि अक्टूबर माह में आरोपी मुझे बहला फुसला कर साथ ले गया। जहां उसने शादी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। करीब सप्ताह भर अपने साथ रखने के बाद आरोपी मुझे छोड़ गया। संपर्क करने पर कोई बातचीत नहीं की तथा शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह देवड़ा कर रहे है।

जादूगर आंचल का मैजिक शो 4 से

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित लिम्का बुक एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लेकसिटी की रहने वाली जादूगर आंचल एक बार फिर शहरवासियों के लिए मैजिक शो लेकर आई हैं। जादूगर आंचल का मैजिक शो 4 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा हैं। मैजिक शो का उद्घाटन उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा व जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल करेगें। मंगलवार को प्रेस वार्ता में जादूगर आंचल ने अपने 27 साल के लम्बे अनुभवों को पत्रकारों के साथ साझा करते हुए बताया कि जब वह साढे चार साल की थी तब उन्होंने पहला शो अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव में किया था।

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

उदयपुर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को जिले में विविध आयोजन हुए। स्वयंसेवी संस्था सोसायटी फॉर एजुकेशन ऑफ दी डिफरेंटली एबल्ड के संयुक्त तत्वावधान में सुबह फतहसागर पर मुक्त बधिर बालक-बालिकाओं द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। उसके बाद अभिलाषा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें एडीजे कुलदीप शर्मा, सेडा संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेणु सिंह, विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर, जिला समाज अधिकारी सूरज परमार बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

बालक-बालिकाओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुतियों के द्वारा कार्यक्रम में समा बांध दिया। संयुक्त निदेशक भटनागर ने अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए विभाग की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। रेणु सिंह ने संस्था की गतिविधियों एवं भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एडीजे कुलदीप शर्मा ने विशेष योग्यजन के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और बालकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशेष योग्यजन के लिए अच्छा काम करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को जिला कलक्टर की तरफ से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित करते अतिथि।

कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण से संतोष मेनारिया सहित संस्थान के अध्यापक गण आदि उपस्थित रहे। इसी कडी में अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर में एडीजे कुलदीप शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश अग्रवाल द्वारा संस्मरणों के माध्यम से दिव्यांगजन की सेवा को बड़ी सेवा बताया। वंदना अग्रवाल ने संस्था के प्रकल्पों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि संस्थान सामाजिक सेवा के लिये सदैव तत्पर है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर द्वारा विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में ट्राईसाईकिल एवं व्हीलचेयर वितरीत की गयी।

कृषि शिक्षा दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञानं महाविद्यालय में 3 दिसंबर 2024 को कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस एल मेहता, पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं पूर्व महानिदेशक कृषि शिक्षा, आईसीएआर, नई दिल्ली ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्लीने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति और केंद्रीय कृषि मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती एवं कृषि विकास में उनके योगदान का सम्मानित करने के लिए आज का दिन कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस दिन को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि के विभिन्न क्षेत्रों और देश के विकास में इसके महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने कृषि और संबद्ध विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला तथाइस बात पर जोर दिया कि कृषि शिक्षा मेंविद्यार्थियों को सफलता के लिए कौशल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंनेविद्यार्थियों से कृषि शिक्षा से जुडकर देश के आर्थिक विकास में योगदान का आ ान किया।विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मेंकृषि के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के महत्व को विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

जिला कलक्टर यादव ने ली समीक्षा बैठक

- राज्य सरकार के एक वर्ष पर होंगे विविध आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। डीआईटीओं कार्यालय के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने साप्ताहिक बैठक में विभागीय कार्य में लापरवाही नहीं बतरने एवं एवं काम पर फोकस करते हुए विभागीय कार्यो व गतिविधियों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में सम्पर्क पार्टल, सीएमओं स्तर, जनसुनवाई में दर्ज लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, 60 दिनों से अधिक प्रकरणों की प्राथमिकता के साथ जांच करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे सब सेंटरों, स्कूल, मुक्तिधाम के जमीन आवंटन की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट भिजवाये। साथ ही नरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए लेबर बढाने के निर्देश दिये गये। बैठक में राजकीय विद्यालयों एवं हॉस्टल के पास भूमि आवंटन संबंधी दस्तावेज की उपलब्धता, बकाया भूमि आवंटन, अतिक्रमण संबंधी समस्या का निवारण व गिरदावरी, क्षतिग्रस्त सडको की मरम्मत, ईकेवायसी आयुष्मान भारत मिशन, एनसीडी स्क्रीनिंग, एएनसी रजिस्ट्रेशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, रबी सीजन बुवाई की प्रगति, बिजली, पानी, खाद व बीज की उपलब्ध्ता, मुक्ति धाम विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, रोड मरम्मत आदि बिन्दुओं पर चर्चा कर काम में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यऋमों व अन्य गतिविधियों को लेकर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी 12 से 15 दिसम्बर तक होने वाले कार्यऋमों में संबंधित विभाग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यऋम के आयोजन को सफल बनाएं। कलक्टर ने सभी कार्यऋमों को आपसी समन्वयन के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला विकास पुस्तिका, प्रदर्शनी, प्रेसवार्ता सहित विविध कार्यऋमों का आयोजन किया जाएगा।

चांदरात पर उमड़े आशिके दीवाना

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर मंगलवार को रबिउल आखिर की चाँदरात पर उमडे आशिके दीवाना। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार रबिउल आखिर की चाँदरात पर मंगलवार प्रातः काल से ही आशिके दीवाना व जायरीने दीवाना की आवक शुरू हो गई। आस्ताना ए आलिया के मुख्य मज़ार पर फूल, ईत्र, चादर पेश करने के लिए बुलन्द दरवाजा तक लम्बी-लम्बी कतारे लगी। आहता ए नूर मे महफिले मिलाद एवं कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश किए। मेला ठाउण्ड मे 300 से उपर अस्थाई कपडो, मनिहारी, खिलोने की दुकाने लगी। दुकानो पर खरीदारो की भारी भीड़ लगी रही। मिन्नत के धागे बाँधने व मिन्नत उतारने के लिए अपने बच्चो को गुड, खोपरा, सुखा मेवा, फल-फ्रुट से तोलने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। फूल वालो की दुकानो पर फूल, चादर, ईत्र खरीदने वालो की भीड रही। सांयकाल चाँद दिखाई देने से पूर्व चिराग, बत्ती के समय लोबान के साथ अर्जिया पेश कर मुल्क मे अमनो सुकून व जायरीने दीवाना की हर परेशानी दूर करने के लिए दुआ की गई तो पूरा दरगाह परिसर आमीन-आमीन की सदाओं से गूंज उठा।

चोरों ने बाइक चुराई

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर में चोरों का ऐसा आंतक देखने को मिल रहा हैं कि चोर बेखौफ होकर हाथ में लट्ठ लेकर सडकों पर घूमते दिख रहे है। चोरों ने गत रात्रि भीण्डर पुलिस थाने के पीछे महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक मकान से फाटक का ताला तोडकर बाइक चुरा करके ले गये। भीण्डर निवासी आफताब आलम पिता अयूब हुसैन मंसुरी ने भीण्डर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 2 दिसंबर की रात्रि को अपने घर के अंदर हीरो सूपर स्पलेण्डर मोटर साइकिल रखकर फाटक लगा दी थी। रात्रि में अज्ञात चोर फाटक का ताला तोडकर अंदर प्रवेश करके उक्त बाइक चुराकर करके ले गये। सुबह 7 बजे उठकर बाहर देखने पर तला चला कि बाइक चोरी हो गई है। इसके बाद पडोसी के मकान पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे देखे तो पता चला कि रात्रि करीब 3.15 बजे चार बदमाश हाथ में लट्ठ लेकर मुंह में बांधकर घूमते हुए दिखे और फिर बाइक चुराकर भागते हुए कैमरे में कैद हुए।

पुलिस थाने के पीछे कॉलोनी से बाइक चोरी करके बदमाश बाइक पर सवार होकर पुलिस थाने के सामने से गुजरते हुए कीर की चौकी रोड पर गये। वहां पर टोल प्लाजा के सीसीटीवी में भी बाइक लेकर जाते बदमाश कैमरे में कैद हुए। यहां से आगे किस तरफ भागे इसका पता चल नहीं सका।

बबूल जलाकर बनाया जा रहा है कोयला

डूंगरपुर। बडे पैमाने पर विलायती बबूल के पेडों की कटाई कर उसका अवैध रूप से बिना प्रदूषण विभाग की एनओसी के कोयला बनाने का मामला सामने आया है। दोवडा, आसपुर व साबला क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बाहरी ठेकेदारों द्वारा करीब अवैध 150 भट्टियों में रोजाना करीब 500 क्विंटल बबूल को काटकर कोयला बनाया जा रहा है। यहां बनने वाले कोयले को दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। यह ठेकेदार बबूल कटाई के साथ साथ नीम, आम सहित कई पेडों की कटाई कर कोयला बना रहे है। इन क्षेत्रों में पेडों की कटाई के लिए यहां कई गिरोह सक्रिय हैं। ये पेडों की कटाई का ठेका लेते हैं।

जहरीली गैस से बीमारियों का खतरा:-कोयला उत्पादन के दौरान निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का मुख्य कारण बन रहा है। इसमें कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें होती हैं, जो आसपास के गांवों में सांस की बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही हैं। यह जहरीली गैस ग्रामीण क्षेत्र में करीब पांच से दस किमी पर फैल रही है। जिससे सांस लेने में परेशानी हो रही है।

पंचायत से लेते है स्वीकृति:-यह बाहरी ठेकेदार प्रदूषण नियंत्रण, उपखंड कार्यालय सहित विभागो से स्वीकृति नहीं लेकर केवल सरपंच एग्राम विकास अधिकारी के लेटर हेड पर लिखवा कर अवैध कारोबार कर रहे है।

ऐसे बनाते है कोयला:-बाहरी ठेकेदार गांव में किसी काश्तकार का खेत किराए लेकर ईंट और मिट्टी से भट्टी तैयार करते है।और बडे बडे पेडों को ट्रेक्टर से कुचल कर छोटे-छोटे टुकडे कर भट्टी में डालते है फिर भट्टी को बंद कर देते और ऊपर से आग रख देते है। एक दिन बाद भट्टी खोलकर कोयला निकाल लेते है और बोरे में भरकर बाहर सप्लाई करते है। ठेकेदार इस्माइल खान का कहना है कि हमने कोई प्रदूषण विभाग से परमिशन नही ली है। सरपंचए सचिव से लिखवा कर लिया है। आप बताओ परमिशन कहा से लेनी पडेगी। आसपुर एसडीएम योगेंद्र कुमार वैष्णव ने कहा उपखंड कार्यालय से कोई किसी को परमिशन नहीं है, ऐसा हो रहा है तो गलत है।

हिंदुस्तान जिंक की जीवन तरंग पहल से दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी समाज का निर्माण

उदयपुर, (कासं)। अजमेर की दसवीं कक्षा की छात्रा नीतू रावत जन्म से ही सुनने में असक्षम है। नीतू के माता-पिता उस समय निराश हो गए जब उन्हें एहसास हुआ कि उसकी स्थिति के कारण रोजमर्रा की बातचीत और पढाई मुश्किल होने वाली है। नोएडा डेफ सोसाइटी (एनडीएस) के सहयोग से हिंदुस्तान जिंक के जीवन तरंग कार्यक्रम से उसका जीवन में बदलाव आया, उसे भारतीय सांकेतिक भाषा

- विशेष योग्यजन 900 से अधिक छात्रों के लिए शिक्षा की सुविधा

(आईएसएल), जीवन कौशल पर साक्षरता और नई तकनीकों पर साक्षरता से परिचित कराया गया। नीतू अब आत्मविश्वास के साथ अपनी सहपाठियों से बातचीत करती है, स्कूल में सक्रिय रूप से भाग लेती है और घर पर बेहतर समझ विकसित करने के लिए अपने भाई-बहनों को आईएसएल भी सिखाती है।

भीलवाडा निवासी सातवीं कक्षा के छात्र मनीष कुमावत को भी जन्म से ही सुनने की समस्या थी। अपने परिवार में उन्हें अपने विचारों को व्यक्त करने और अपने आस-पास के लोगों को समझने में कठिनाई होती थी। हिंदुस्तान जिंक के जीवन तरंग कार्यक्रम ने मनीष के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया। एनडीएस प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में, उन्होंने आईएसएल सीखा और अपने बुनियादी ज्ञान में सुधार किया। आज, वह एक उज्जवल भविष्य का सपना देखते हैं। वर्ष 2017 से संचालित, हिंदुस्तान जिंक का जीवन तरंग कार्यक्रम विशेष योग्यजन वाले बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। अजमेर,भीलवाडा और उदयपुर के चार विद्यालयों में इस पहल से 900 से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे है। 600से अधिक बच्चों को आईएसएल में प्रशिक्षित किया गया है, और 100से अधिक दृष्टिबाधित बच्चों ने डेजी प्लेयर, स्मार्टफोन और कंप्यूटर का उपयोग कर प्रौद्योगिकी कौशल हासिल किया है छात्र स्वतंत्रता और उद्यमशीलता की सोच को प्रोत्साहित करने के लिए कला और शिल्प, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण और गृह विज्ञान जैसे व्यावहारिक कौशल सीखते हैं। इसके अतिरिक्त, हिंदुस्तान जिंक ने कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों और समुदाय के सदस्यों को आईएसएल प्रशिक्षण शुरू देकर अपने प्रयासों को आगे बढाया है, जिससे विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए समावेशिता का समाज तैयार हो रहा है। हिंदुस्तान जिंक की सामुदायिक विकास पहल विशेष जरूरतों वाले बच्चों को सशक्त बनाने से भी कही आगे है।

हिंदुस्तान जिंक का जीवन तरंग कार्यक्रम विशेष योग्यजन वाले बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है।

सार-समाचार

पानी भेवडी एनिकट में छोड़ने की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। इस वर्ष गलियाना बांध में पानी की आवक नहीं होने के कारण जलस्तर नही बढने एवं भेवडी एनिकट में पानी नहीं आने से परेशान ग्रामीण जल संसाधन विभाग पहुंचे और सोम कमला बांध का पानी गलियाना बांध में भर कर पानी भेवडी एनिकट में छोडने की मांग की है। भेवडी ग्राम पंचायत के सरपंच गंगाराम भगोरा के तत्वाधान में भेवडी, ढाणी कटकेश्वर, ढाणी खजूर एवं नया गांव के ग्रामीण आसपुर जल संसाधन विभाग कार्यालय पहुंचे और एक्सईएन बहादुरसिंह राठौड को ज्ञापन सौप कर बताया की गलियाना बांध खाली रहने के कारण इस बार एनिकट में पानी नहीं छोडा गया जिससे एनिकट खाली पडा है। इस एनिकट में पानी रहने से चार गांवों की सिंचाई होती है और पानी रहने से जल स्तर ऊपर रहता है। जिससे कुओं का जल स्तर भी बढता है जो सिंचाई में उपयोग लेते है। वहीं पशुओं के पानी की समस्या नही रहती हैं,जिसे लेकर बताया की सोम कमला बांध से पानी गलियाना बांध में डाला जाया और बांध को भरकर पानी की निकासी कर भेवडी एनिकट में डाला जाय। जिससे काश्त,पशुओं की समस्या से निजात मिल सके। इस अवसर पर भेवडी सरपंच गंगाराम भगोरा, रमेश खराडी, हमीरसिह चौहान भेवडी, हिरालाल बामनिया, मुलचन्द रेबारी,नारायणलाल बामनिया, धर्मेश भगोरा, प्रेम जी भगोरा, जगदीश डिंडोर सहित कई काश्तकार मौजूद रहे ।

वार्ड नं 31 का किया निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। सभापति के मार्गदर्शन में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड संख्या 31 में निरीक्षण किया वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा ने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया सभापति महोदय एवं स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड की गली-गली में जाकर समस्याओं को देखा और उनके निराकरण हेतु सफाई निरीक्षक की टीम और सारी टीमों को निर्देशित किया। और तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करवाने का निर्देश दिया उक्त वार्ड में रोड का टेंडर जारी हो चुका है उसके लिए ठेकेदार राजेश श्रीमाल को बुलाकर भी निर्देशित किया कि आठ दिनों के भीतर उसका कार्य शुरू किया जाए। सभापति एवं टीम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त वार्ड की सारी समस्याओं का समाधान दो दिनों के भीतर कर दिया जाए इस दौरान बर्ड सैन्च्यूरी पार्क आवागमन मार्ग पर नाले को भरा हुआ पाया गया तुरंत प्रभाव से टीम बुलाकर उसको तुरंत ठीक करवाया गयाए इस दौरान सभापति स्वच्छता कमेटी की टीम जिसमें डायालाल पाटीदार मोहन यादव, नरेश यादव, कांतिलाल कोटेड, राजेश रोत, जितेंद्र भोई, वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा एवं परिषद् से सहायक अभियंता, भक्तेष पाटीदार, कनिष्ठ अभियंता राजेंद्रपाल सिंह, नरेंद्रसिंह सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम सुभाष भोई मौजूद रहें, वहीं सभापति ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहां कि शहर में स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग करें और बाहर कचरा न फैंके एवं कचरा डस्टबिन में रखें और कचरे वाली गाडी में डालें। जिससे अपना शहर स्वच्छ बना रहें।

ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना इलाके में डूंगरपुर शहर के नवाडेरा में एक ऑटो ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के हेड कॉनि. तेज ने बताया कि कलाल घाटा निवासी धुला बरंडा ने मामला दर्ज कराया कि उसका बेटा लोकेश उसके मिलने वाले महेश खोखरिया के साथ घर से सामान लेने डूंगरपुर गया था। वहीं, डूंगरपुर से पैदल-पैदल लौटते समय नवाडेरा के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर में लोकेश के सिर व हाथ-पैर में गंभीर चोंट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: एसएसआई सुखेर, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान-313001, फोन नं.: 0294-2513197/2440510 मोबाईल: 8875006670, ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री प्रभु लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर एवं जमानतदार श्री कमलेश चौधरी पुत्र श्री भगवती लाल चौधरी** पर मांग सूचना **दिनांक 05.02.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 31.01.2024 को बकाया राशि रू. 9,70,574.49 (रूपये नौ लाख सत्तर हजार पांच सौ चौहतर एवं पैसे उनचास मात्र) (दिनांक 31.01.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 28, माह नवम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 31.01.2024 को बकाया राशि रू. 9,70,574.49 (रूपये नौ लाख सत्तर हजार पांच सौ चौहतर एवं पैसे उनचास मात्र) (दिनांक 31.01.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, एसएसआई सुखेर शाखा, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री प्रभु लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 09.11.2013 सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 35, खसरा नं. 6508/2253, अक्षांश विला, मौजा ग्राम धूणीमाता पटवार नाहरमगरा, डबोक, तहसील मावली, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1250.00 वर्ग फीट है।

सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. 34, दक्षिण: प्लॉट नं. 36, पूर्व: प्लॉट नं. 38, पश्चिम: 30 फीट रोड़

दिनांक: 28.11.2024 हस्ता.
स्थान: उदयपुर प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

भीण्डर शाखा, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर 313603 (राजस्थान), फोन नं.: 02957-255011 ई-मेल: bhinde@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री भूरा लाल मेनारिया पुत्र श्री पारस राम एवं सह-ऋणी श्री हितेश मेनारिया पुत्र श्री भूरा लाल** पर मांग सूचना **दिनांक 30.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.05.2024 को बकाया राशि रू. 15,29,737.17 (रूपये पन्द्रह लाख उनतीस हजार सात सौ सैंतीस एवं पैसे सत्रह मात्र) (दिनांक 30.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने प